Title: Situation arising out of not providing the status of Scheduled Caste to a particular community in various states in the country.

श्री शैलेन्द्र कुमार (चायल) : माननीय महोदय, आपने मुझे बोलने का समय दिया, इसके लिए बहुत-बहुत धन्यवाद। मैं इस नोटिस को तीन दिन से लगा रहा हूं लेकिन मुझे आज बोलने का मौका मिला है। देश में करीब दर्जनों राज्यों में एक विशेष वर्ग--खटीक (सोनकर) समुदाय है, जिसे अनुसूचित जाति का दर्जा नहीं मिला है। यह सोचने का विषय है। इन्होंने अभी हाल में जंतर-मंतर पर धरना-प्रदर्शन भी किया था। इसी प्रकार कुछ राज्यों में सर्व वैश्य समाज को बैकवर्ड क्लास में रखा गया है और कुछ राज्यों में उन्हें जनरल क्लास में रखा गया है। मेरा कहना है कि तमाम राज्यों से प्रस्तावित योजनाएं, कि किन्हें अनुसूचित जाति में शामिल करना है और किन्हें बैकवर्ड क्लास में शामिल करना है, केन्द्र में लंबित पड़ी हैं। जब संसद चलती है तब ये सुमदाय जंतर-मंतर पर धरना प्रदर्शन देते हैं। यह बहुत गंभीर मामला है।

मैं आपके माध्यम से कहना चाहता हूं कि ऐसी जातियां--निषाद. केवट की बराबर जो मांग रही है, जिनकी माली हालत बहुत कमजोर है, जो बेरोजगार, अशिक्षित हैं, उनको रोजगार नहीं मिल पा रहा है, मैं सरकार से मांग करना चाहूंगा कि तमाम राज्यों से प्रस्तावित योजनाएं जो केन्द्र में लंबित पड़ी हैं, उन पर केन्द्र सरकार जल्दी निर्णय ले ताकि इन वर्गों को न्याय और समाज में अच्छा दर्जा मिल सके। इन्हीं बातों के साथ मैं अपनी बात समाप्त करता हूं।